नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajdhani - 31 Dec 2021 - 31raj6

# गणितीय स्पर्धा में प्रतिभा दिखाने वाले सम्मानित

**आयोजन**

- सीबीएस में गणित दिवस समारोह सम्पन्न
- गणितीय सूत्रों आधुनिक तकनीकी में सहजता

■ नवभारत ब्यूरो | रायपुर.
www.navabharat.news

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मूल विज्ञान केंद्र में आयोजित गणित दिवस समारोह के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र तथा पुरस्कारों का वितरण किया गया. सत्रारंभ में नवा रायपुर के ट्रिपलआईटी के प्राध्यापक डॉ. कुलदीप सिंह पटेल का व्याख्यान हुआ. विशिष्ट अतिथि भारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एच. के. पाठक ने श्रीनिवास रामानुजन के योगदान तथा उनके गणितीय सूत्रों के माध्यम से आधुनिक तकनीकी में हो रही सहजता पर चर्चा की. इस कार्यक्रम में डॉ. लक्ष्मी कांत, डॉ. भानुश्री गुप्ता, डॉ. वीनु जोशी एवं डॉ. गिरजा शंकर गौतम, गुलाब दास, अमित सिंह ठाकुर, निकिता रघुवंशी, राकेश सिंह सिदार, महादेव साहू आदि उपस्थित रहे.



## प्रश्न-मंच में 25 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया

प्रश्नमंच कार्यक्रम में पांच टीमों में 25 छात्रों ने हिस्सा लिया. इसमें गोपाल प्रसाद साहू, प्रतिवेद साहू, हिमांशु कुंजाम, देवेन्द्र साहू, यशवंत साहू को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ तथा टिकेश वर्मा, देवेश सारथी, अन्नू सोनकर, गणित अध्ययनशाला के छात्रों को द्वितीय स्थान मिला. निबंध लेखन में मूल विज्ञान केंद्र के सोमनाथ प्रथम रहे तथा अजय जेम्स को द्वितीय स्थान मिला.

## रंगोली, पोस्टर स्पर्धा के विजेता

रंगोली प्रतियोगिता में पूर्णश्री साहू एवं निहारिका सोरी सीबीएस प्रथम स्थान पर रहे तथा कृति देवांगन, डॉ. राधाबाई शास. नवीन कन्या महाविद्यालय तथा शालिनी सिंह ठाकुर, गणित अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, द्वितीय स्थान पर रहे. पोस्टर प्रतियोगिता में दीक्षा यादव, डॉ. राधाबाई शास. नवीन कन्या महाविद्यालय प्रथम रहीं वही वर्षा नागरिया शास. जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय द्वितीय रहीं.

नवभारत
सदैव पाठकों के साथ

नवभारत छत्तीसगढ़ • ओडिशा Rajdhani - 30 Dec 2021 - 30raj3

### दैनिक जीवन गणित के महत्व को प्रयोग से समझाया, प्रतिभाओं को अवसर देने का समय : प्रो. वर्मा

# कला में भी है गणित, किया प्रदर्शित





■ नवभारत ब्यूरो | रायपुर.
www.navabharat.news

मूल विज्ञान केंद्र (सीबीएस) में द्विदिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस 2021 में विद्यार्थियों ने दैनिक जीवन में गणित के उपयोग और अनुप्रयोग को प्रदर्शित किया. उन्होंने यह दिखाया कि कला में भी गणित है. उद्घाटन सत्र में अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. केशरीलाल वर्मा ने कहा कि प्रतिभाएं अभावों में भी अवसर खोज लेती हैं, रामानुज का जीवन हम सबको प्रेरित करता है, वे गणित के लिए समर्पित वैज्ञानिक थे. उनका चिंतन छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरक है. अब समय है कि अवसर मिलने पर शोधार्थी रूचि लें तथा गुणवत्ता पूर्ण अनुसंधान में सहभागिता करें.

इस अवसर पर मूल विज्ञान केंद्र के संचालक प्रो. कल्लोल घोष ने मूल विज्ञान के अनेक उपलब्धियों को साझा करते हुए छात्रों को गणित के पहलुओं से परिचित करवाया. इस अवसर पर रंगोली के माध्यम से विभिन्न कलाओं में गणित की उपयोगिता पर 14 विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई. सर्वत्र गणित को व्याख्यायित करते हुए 21 पोस्टर विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों ने बनाए. इक्कीसवीं सदी में गणित की प्रासंगिकता पर 28 छात्रों ने निबंध लिखे.

इसी तारतम्य में मूल विज्ञान की वार्षिक पत्रिका जरई के चौथे अंक का विमोचन किया. कार्यक्रम संयोजक डॉ. गोविंद प्रसाद साहू ने बताया कि विभिन्न स्पर्धाओं के निर्णायक के रूप में डॉ. विभा चौबे, डॉ. निधि देवांगन, डॉ. अरविंद अग्रवाल, डॉ. लक्ष्मी कांत, डॉ. भानुश्री गुप्ता, डॉ. वीनु जोशी, डॉ. गिरजा शंकर गौतम आदि उपस्थित रहे. संचालन अपूर्वा एवं सृष्टि ने किया.

## सिक्योरिटी में गणित का महत्व

व्याख्यान सत्र में प्रयागराज उत्तप्रदेश के मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सह प्राध्यापक डॉ. सहदेव पाढ़ी ने 'मैथमैटिक्स फॉर सिक्योर कम्यूनिकेशन' पर व्याख्यान दिया. सम्प्रेषण को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के महत्वपूर्ण सूत्र सुझाए. उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी में गणित का महत्वपूर्ण स्थान है. केरल गणित विद्यापीठ, कोच्चि के संचालक प्रो. कल्याण चक्रवर्ती ने भी व्याख्यान दिया.

## आज क्विज स्पर्धा एवं समापन

30 दिसम्बर को क्विज स्पर्धा का आयोजन किया गया है. प्रश्नोत्तर सत्र भी होगा. भारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एच.के. पाठक तथा डॉ. कुलदीप सिंह पटेल व्याख्यान देंगे.

TheHitavada
Raipur City Line | 2021-12-30 | Page- 8
ehitavada.com

# 'All should take inspiration from Ramanujan'

■ Staff Reporter
RAIPUR, Dec 29

TO MARK the 134th birth anniversary of Srinivasa Ramanujan, the Centre for Basic Sciences (CBS) in Pt Ravishankar Shukla University (PRSU) Raipur has organised National Mathematics Day.

The two-daylong programme sponsored by Chhattisgarh Council of Science and Technology commenced on Wednesday and will conclude on December 30.

The hybrid event started with the lightening of the traditional lamp and offering tribute to Srinivasa Ramanujan in APJ Abdul Kalam Seminar Hall of Centre for Basic Sciences.

According to the information received, the inaugural Session was chaired by the professor Keshari Lal Verma, vice chancellor of PRSU while Dr Shailendra Patel, deputy registrar, was special invitee. Director of CBS Dr Kallol Ghosh highlighted the objectives of the National Mathematics Day and detailed the contribution of Srinivasa Ramanujan as well as the importance of mathematics for development of the nation and mankind.



Dignitaries during the National Mathematics Day programme.

Highlighting the contribution of Srinivasa Ramanujan, convener of the programme Dr Govind Prasad Sahu spoke about the number theory and theory on cancer and other diseases. Dr Shailendra patel addressed the event. Addressing the programme, professor Keshari Lal Verma highlighted the achievements of Ramanujan and urged all the participants to take inspiration from his life and do novel research work in the area of mathematics.

Around 200 participants from various academic institutions like CBS, Govt Navin Girls college, Pragati College, Chhattisgarh College, SOS in Mathematics etc participated in essay writing, rangoli, poster making and quiz competitions.

On the inaugural session, professor Kalyan Chakraborty, Director Kerala School of Mathematics, Kozhikode delivered online keynote lecture on Ramanujan theory. Moreover, mathematician Dr Sahadeo Padhye of Motilal Nehru NIT, Prayagraj also addressed the programme.

Powered by iDocuments




आज़ादी का
अमृत महोत्सव
मूल विज्ञान केन्द्र
रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर ( छ.ग. )


National Mathematics Day - 2021
राष्ट्रीय गणित दिवस - 2021
December 29-30, 2021
Organized by :
Center for Basic Sciences
Ravishankar Shukla University, Raipur
Sponsored by :
Prof. Keshari Lal Verma


Mathematics Day - 2021
दिवस - 2021
ember 29-30, 2021
c Sciences
Prof. Kallol Kumar Ghosh
Prof. Keshari Lal Verma